खुलासा

हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में हुई हत्या का खुलासा

# नाचने के दौरान विवाद बनी हत्या की वजह, आरोपी नाबालिग युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

शहर को झकझोर देने वाली धार्मिक शोभायात्रा के दौरान हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने आखिरकार सुलझा लिया है। 24 वर्षीय युवक अमन ध्रुव की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी एक नाबालिग युवक है, जिसे गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 3 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा के दौरान यह घटना हुई थी। शोभायात्रा के दौरान शहर के रेस्ट हाउस चौक के पास साउंड सिस्टम और बैंड-बाजे की धुन पर नाचते समय मृतक अमन ध्रुव और आरोपी नाबालिग के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद की वजह से रात करीब 10 बजे प्रताप चौक के पास आरोपी ने भीड़ का फायदा उठाते हुए अमन के पेट के दाहिने हिस्से में धारदार हथियार से वार कर दिया। भीड़ और शोर-शराबे के कारण घटना का तत्काल पता नहीं चल सका और आरोपी मौके से फरार हो गया।

## अंधे कत्ल की गुत्थी ऐसे सुलझी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। एसडीओपी भुषण एक्का के नेतृत्व में 19 सदस्यीय टीम ने घटना स्थल के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान एक नाबालिग संदिग्ध की पहचान हुई, जिससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया।




विवाद

हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा में भीड़ के बीच हमला

धार्मिक शोभायात्रा में हुई चाकूबाजी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, शहर में दहशत और आक्रोश

तीन दिन बाद बिगड़ी हालत, पुलिस को देर से सूचना, मर्ग डायरी के बाद हत्या का केस दर्ज होगा

प्राथमिक इलाज के बाद घर ले गए, बिगड़ी हालत

सिम्स बिलासपुर में मौत

पुलिस को देर से सूचना, जांच पर असर

धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा पर उठे सवाल

दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक व बुजुर्ग की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

## घायल ने छिपाई सच्चाई, इलाज के दौरान हुई मौत

पुलिस ने बताया कि घायल अवस्था में अमन ध्रुव को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वह घर लौट गया। परिजनों को उसने घटना की वास्तविक जानकारी छिपाते हुए दुर्घटना में चोट लगने की बात बताई। हालत बिगड़ने पर 6 अप्रैल को उसे जिला अस्पताल बेमेतरा लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया। इलाज के दौरान 7 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

## 48 घंटे में खुलासा, पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर महज दो दिनों में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली। आरोपी नाबालिग को विधि अनुसार किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी भुषण एक्का, थाना प्रभारी सोनल ग्वाला, साइबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में सउनि.जितेन्द्र कश्यप , प्रधान आरक्षक रघुराज यदू, चंद्रशेखर राजपूत, प्रआर. मोहित चेलक, आरक्षक शिव सेन, इंद्रजीत पाण्डेय, सौरभ सिंह, देवेन्द्र साहू, मनीष मिश्रा, पुरूषोत्तम कुम्भकार, मो. असलम शेख, पुकेश्वर दिल्लीवार, राहुल यादव, नूरेश वर्मा, संजय पाटिल, मुकेश माहिरे, आर. जगमोहन टण्ड़न की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शहर में फैली थी दहशत, अब मिला सुकून

गौरतलब है कि हनुमान जयंती की इस भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए थे। घटना के बाद शहर में दहशत का माहौल बन गया था और चाकूबाजी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। अब पुलिस द्वारा मामले का खुलासा किए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। बहरहाल मामूली विवाद का इतना भयावह रूप लेना समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा और आपसी संयम की आवश्यकता को यह घटना एक बार फिर उजागर करती है।

# ग्राम टिपनी में अवैध खनन में लगे 7 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की।

तहसील थान खम्हरिया के समीप ग्राम टिपनी में प्राप्त शिकायत के आधार पर दबिश देते हुए टीम ने कुल 7 वाहनों को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 1 जेसीबी और 2 हाईवा वाहनों को मौके पर पकड़ा गया। इसके अलावा रेत एवं चुना पत्थर गिट्टी से भरे 2 हाईवा वाहनों को जब्त कर थाना थानखम्हरिया में सुरक्षित खड़ा किया गया। वहीं एक अन्य प्रकरण में रेत एवं मुरूम से भरे 2 और हाईवा वाहनों को जब्त कर थाना बेमेतरा में रखा गया है। इस प्रकार कुल 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 4 अप्रैल को ग्राम जेवरा में भी संयुक्त टीम ने 1 जेसीबी और 2 हाईवा जब्त किए थे। लगातार हो रही कार्रवाई से जिले में सक्रिय खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इस अभियान में जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू, अनुविभागीय अधिकारी (साजा) पिंकी मनहर एवं नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू सहित विभागीय अमला मौजूद रहा। खनिज संपदा के संरक्षण के लिए प्रशासन ने खनिज, राजस्व, परिवहन, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।




## बिना रॉयल्टी धड़ल्ले से चल रहे वाहन

गौरतलब हो कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन एवं परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। प्रतिदिन सुबह तड़के थान खम्हरिया से कबीरधाम जिले की ओर दर्जनों हाईवा वाहन बिना रॉयल्टी पर्ची और परिवहन आदेश के रेत लेकर गुजरते हैं। कई मामलों में वाहन चालकों के पास वैध लाइसेंस तक नहीं होता, जिस पर भी कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता जताई जा रही है।

# बेरला में अवैध शराब बिक्री 4, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना बेरला पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 पौवा अंग्रेजी एवं देशी मसाला शराब समेत नगद राशि और मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बेरला से बेमेतरा मेन रोड किनारे एवं शराब दुकान के सामने कुछ लोग मोटरसाइकिल की डिग्गी और थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान अजय कुमार गायकवाड (26 वर्ष), प्रियांशु बघेल (21 वर्ष), दीपेश कुर्रे (19 वर्ष) एवं लोमेश देशलहरे (21 वर्ष), सभी निवासी तिलाई थाना बेरला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 40 पौवा अंग्रेजी एवं देशी मसाला शराब (7200 एमएल) जिसकी कीमत 4,400, बिक्री रकम 950 तथा 02 मोटरसाइकिल (कीमत 80,000) जब्त की। कुल जब्त सामग्री की कीमत 85,350 आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत 02 प्रकरण दर्ज कर विधिवत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, दीना नाथ यादव, आरक्षक सुरेन्द्र जांगड़े, तुकाराम निषाद एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी, 5 मई को होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के मद्देनजर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत संबंधित क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष के रिक्त पद सहित त्रिस्तरीय पंचायत के अंतर्गत जनपद पंचायत सदस्य (बेरला) के 01 पद, सरपंच के 02 पद तथा पंच के 21 रिक्त पदों पर उप निर्वाचन संपन्न कराए जाएंगे। निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को किया जाएगा। इसके पश्चात मतदाताओं से 20 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 23 अप्रैल तक किया जाएगा। वहीं प्रारूप क-1 में पंजीयन अधिकारी अथवा सहायक पंजीयन अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रारूप क-1 के अंतर्गत प्राप्त दावों का निराकरण 27 अप्रैल तक किया जाएगा। इसके बाद पारित आदेशों के विरुद्ध संबंधित पक्ष पांच दिनों के भीतर अपील प्रस्तुत कर सकेंगे।सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05 मई 2026 को किया जाएगा।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ




**साजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में बेटियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु एक सशक्त कदम है। इसके अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा संचालित इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भाशय (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम करना है।

कार्यक्रम का आयोजन बीएमओ डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा, एमओ डॉ. पुणेंद्र साहू एवं बीपीएम लोकेश साहू के नेतृत्व में किया गया, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का व्यापक प्रसार हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, सुपरवाइजरों, मितानिनों एवं अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस संबंध में समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा, थान खम्हरिया, परपोड़ी एवं देवकर में निर्धारित समय पर ले जाकर एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क अवश्य लगवाएं।

आय, जाति व निवास के सभी 51 प्रकरण निपटे

# राजस्व पखवाड़ा शिविर में त्वरित समाधान 118 में 96 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में प्रशासन द्वारा प्राप्त राजस्व संबंधी आवेदनों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को तत्काल राहत मिल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 118 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 96 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया है, जबकि 22 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। अधिकारियों द्वारा लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शिविर में सबसे अधिक आवेदन आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र से संबंधित रहे। इस श्रेणी के 51 आवेदन प्राप्त हुए और सभी का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जिससे आवेदकों को बड़ी राहत मिली। फौती नामांतरण से संबंधित 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का निराकरण कर दिया गया है, जबकि 6 आवेदन लंबित हैं। वहीं बटवारा (विभाजन) से जुड़े 7 प्रकरणों पर दस्तावेजी प्रक्रिया और जांच जारी है। इसी तरह अभिलेख सुधार के 7 आवेदनों में से 5 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 2 आवेदन लंबित हैं।



## निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

इसके अलावा अन्य श्रेणी के 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35 का समाधान कर दिया गया है और शेष पर कार्यवाही जारी है। शिविर में खिरोला, बैजलपुर, नीनवा, पथर्रा, जेवरा, गांगपुर, बहेरा, कुम्ही, अर्जुनी, झालम, बरखुवा, पेंड्रीतराई, मोहतरा, आरसिया, मुलमुला और चंदनू सहित कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन की बारीकी से जांच कर पात्र प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन मामलों में दस्तावेज या प्रक्रिया शेष है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### देवार बस्ती से 2.50 किलो ग्राम गांजा जब्त



**भिलाई।** पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध रुप से गांजा रखने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से देवार बस्ती में पुलिस चेकिंग करने निकली थी। टीम ने घेराबंदी कर 2.50 किलो ग्राम गांजा व नगदी 400 रुपए जब्त किया है। मछली मार्केट देवार पारा, खुर्सीपार निवासी अमजद देवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि इक्त गांजा उसी का है उसे बेचने के लिए रखा था। गांजा की कीमत 1 लाख 400 रुपए आंकी गई है। मौके पर सीएसपी प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी आनंद शुक्ला मौजूद थे।

### एक्स ओए की बैठक कल

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की आम सभा की बैठक सोमवार, 13 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में होगी। बैठक में बिलासपुर हाई कोर्ट में ट्रस्ट के ईपीएस 95 पेंशन केस की स्थिति, कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले के प्रभाव, न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की स्थिति, मेडिक्लेम स्कीम 2026 में किए जाने वाले संशोधनों के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

### हेरोईन तस्करी चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** हेरोइन की तस्करी करते चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड के किराये के मकान में हेरोईन (चिट्टा) रख कर बेचने की जानकारी मिली थी। मौके पर जामुल पुलिस पहुंची और घेरांबदी कर युवकों को पकड़ा गया। जिसमें भौदपुर थाना तर सिक्का, जिला अमृतसर पंजाब निवासी रजविंदर कौर, मजिठा रोड लक्ष्मी विहार गली 5 अमृतसर पंजाब राजवीर सिंह, अमृतसर पंजाब कुलदीप सिंह, लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 91.9 ग्राम हेरोईन और नगदी रकम जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि हेरोइन को अमृतसर पंजाब से लाकर भिलाई में बेचने की फिराक में थे। हेरोइन की कीमत 18.69 लाख रुपए आंकी गई है।

### लूट का प्रयास करने वाले धरे गए

**भिलाई।** लूट का प्रयास करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि इंटरप्राइजेस गोदाम के पास रात को दो अज्ञात युवकों ने पीड़ित का रास्ता रोक कर धारदार हथियार दिखाकर नगदी रकम लूटने का प्रयास किया। सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी वार्ड 16 शीतला बस्ती निवासी टामन साहू उर्फ डायमंड और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने एक धारदार हथियार जब्त किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा, उनि जयनारायण पटेल, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सिंह, आरक्षक बंटी सिंह समेत टीम का योगदान रहा है।

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मी मार्केट कचरा मैदान स्थित बिजली ट्रांसफार्मर के पास सफेद बोरी में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस को सूचना पर अंबेडकर नगर वार्ड 11 वैशाली नगर निवासी सौरभ साखरे उर्फ सोनू को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 2 किलो 250 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 1.10 लाख रुपए है।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

संपर्क

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर को दी गई श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मां स्व. पूर्णिमा चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर निज निवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चन्द्राकर परिवार की ओर से सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### पाटन विस में 40 लाख रुपए से होंगे विकास कार्य

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पाटन विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें ग्राम पंचायत कानाकोट में जैतखाम के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 10.00 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत अमलीडीह के खेल मैदान में अहाता निर्माण कार्य हेतु 18.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

### अंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी के नेता सचिन गवई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 14 अप्रैल डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर शुष्क दिवस घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन देश विदेश में मनाया जाता है तथा इस दिन राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित होता है। अन्य त्योहारों की तरह इस अवसर पर भी जिले में शुष्क दिवस घोषित कर मांस मदिरा व शराब दुकान बंद किया जाना चाहिए।

# मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीणों को मिले 90 दिन का रोजगार, जल संरक्षण पर दिया जोर

## जिला पंचायत में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास के कामों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण पर जोर दिया गया। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के उद्देश्य से जल संग्रहण आधारित कार्यों को अधिक से अधिक स्वीकृत कर शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा स्वप्रेरणा से सोक पिट का निर्माण कराया जाए। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत कम लागत एवं प्रभावी परिणाम देने वाले सोक पिट एवं जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता से चयनित कर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यों का चयन मांग आधारित हो तथा श्रमिकों को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार योजना अंतर्गत कार्यरत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराते हुए उसका समयबद्ध अपलोड सुनिश्चित किया जाए।




### होने वाले कामों की जियो टैगिंग की जाएगी

बैठक में जानकारी दी गई कि समीक्षा के दौरान निर्माण कार्यों की जियो-टैगिंग में तेजी लाने, लंबित प्रस्तावों को नियमानुसार प्रस्तुत कर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत लंबित निकासी बैठकों को शीघ्र आयोजित कर एटीआर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। जानकारी अनुसार जिला दुर्ग में 50, जनपद पंचायत पाटन में 16 एवं जनपद पंचायत धमधा में 55 निकासी बैठकें लंबित हैं, जिन्हें तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में गति लाने तथा मनरेगा के माध्यम से हितग्राहियों को 90 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## हिचक रहे अभिभावक, जागरुकता की कमी से अभियान प्रभावित

# एचपीवी टीकाकरण की रफ्तार धीमी, तीन दिन में सिर्फ 112 बालिकाओं को ही लगा टीका

## स्तन कैंसर के बाद सबसे अधिक मामले सर्वाइकल कैंसर के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू तो हो गया है, लेकिन इसकी रफ्तार बेहद धीमी नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों के बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी और फैली अफवाहें अभियान पर असर डाल रही हैं।

जिले में 14 से 15 वर्ष की उम्र की बालिकाओं को गार्डासिल टीका स्वास्थ्य केंद्रों में लगाया जा रहा है। दुर्ग जिला अस्पताल में 15 मार्च को इसकी शुरुआत की गई थी, जबकि जिलेभर में 6 अप्रैल से अभियान चलाया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अभियान शुरू होने के बाद 9 अप्रैल तक केवल 112 बालिकाओं को ही टीका लगाया जा सका है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसे शुरुआती चरण का असर बता रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अफवाहों और जानकारी के अभाव के कारण अभिभावक अपनी बेटियों को टीका लगवाने से हिचक रहे हैं।

### जिले के इन स्वास्थ्य केन्द्रों में लग रहे टीके

दुर्ग जिला अस्पताल, सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, सिविल अस्पताल नगपुरा सहित सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र धमधा, बोरी, अहिवारा, पाटन, झीट, कुम्हारी, उतई, निकुम, चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल अस्पताल कचांदुर, बीएसपी हॉस्पिटल सेक्टर-9 में बालिकाओं को टीके लगाए जा रहे हैं।



### ऐसे बढ़ाई जा रही जागरूकता

टीकाकरण की धीमी रफ्तार को तेज करने के लिए स्वास्थ्य विभाग अब एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। मितानिनों के जरिए घर-घर संपर्क किया जा रहा है, जहां लोगों को एचपीवी टीके के फायदे समझाए जा रहे हैं और अफवाहों को दूर करने की कोशिश हो रही है। साथ ही स्कूलों को भी इस अभियान से जोड़ने की तैयारी है। जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी स्कूलों को पत्र भेजे जा रहे हैं, ताकि छात्राओं और अभिभावकों तक सही जानकारी पहुंच सके। स्वास्थ्य केन्द्रों में क्यूआर कोड भी चिपकाए जा रहे हैं, जिससे लोग टीकाकरण के पहले यू-विन डिजिटल प्लेटफार्म पर आसानी से अपना पंजीयन कर सकें। इसके अलावा जिन बालिकाओं को टीका लग चुका है, उन्हें भी आगे आकर अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए कहा जा रहा है।

### महंगा टीका अब मुफ्त, फिर भी अफवाहों से पीछे हट रहे लोग

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि एचपीवी का टीका पहले से निजी अस्पतालों में लगाए जा रहे हैं। इसकी कीमत करीब चार हजार रुपए तक होती है। अब यही टीका शासन द्वारा पूरी तरह निःशुल्क लगाया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा बालिकाएं इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। अब तक इस टीके से कोई साइड इफेक्ट सामने नहीं आया है और यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसके बावजूद कुछ लोग गलत जानकारी फैलाकर आम जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### क्या है सर्वाइकल कैंसर, क्यों जरूरी है बचाव

सिविल अस्पताल सुपेला के बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर कैंसर है, जो गर्भाशय के निचले हिस्से यानी सर्विक्स में विकसित होता है। स्तन कैंसर के बाद सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर सर्वाइकल कैंसर है। यह बीमारी धीरे-धीरे बढ़ती है और शुरुआत में इसके लक्षण साफ तौर पर दिखाई नहीं देते, जिससे समय पर पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी संक्रमण होता है, जो आमतौर पर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। अगर समय रहते जांच और बचाव न किया जाए, तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। एचपीवी टीके के जरिए इस कैंसर से काफी हद तक बचाव संभव है। इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें।

# जैविक खादों के उपयोग से फसलों के पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा हरी खाद, नील-हरी शैवाल एवं जैव उर्वरकों पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त शिरिष चंद्र मिश्रा ने कहा कि यह अधिनियम शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आवेदकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सदैव सजग रहने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग की अवर सचिव गीता दीवान और मास्टर ट्रेनर अतुल वर्मा ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से सूचना प्रदाय की ऑनलाइन प्रक्रिया, शुल्क भुगतान और अधिनियम के संशोधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल ने अधिकारियों को रिकॉर्ड्स का व्यवस्थित संधारण करने और आवेदनों के त्वरित निराकरण की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण अधिकारियों को अपनी जानकारी अपडेट करने और शंकाओं के समाधान का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। द्वितीय सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में हरी खाद, नील-हरी शैवाल और जैव उर्वरकों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। वैज्ञानिकों ने बताया कि जीवामृत, बीजामृत और नैनो यूरिया जैसे विकल्प फसलों की पोषक आवश्यकताओं को काफी हद तक पूरा कर सकते हैं। संयुक्त संचालक कृषि ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान इन वैकल्पिक खादों की उत्पादन तकनीक को गांव-गांव तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर संभाग के सभी जिलों के लगभग 100 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# वार्डों में पहुंचे मंत्री गजेन्द्र यादव, जनता से संवाद कर समस्याओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव प्रतिदिन सुबह दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने बीते दिनों वार्ड 1, वार्ड 2, वार्ड 4, वार्ड 37 और वार्ड 38 पहुंचकर क्षेत्र मे विकास कार्यों का जायजा लिया।

मंत्री गजेन्द्र यादव वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों ने उनके सामने सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण, भवन निर्माण एवं शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। जिस पर उन्होंने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। गयानगर वार्ड 4 एवं राजीवनगर वार्ड 2 में भी वार्डवासियों के बीच पहुंचकर संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सड़क संधारण, भवन निर्माण एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और इसके वार्ड में बन रहे मांगलिक भवन का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। पंचशील नगर में उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, पार्षद लीना देवांगन, नरेंद्र बंजारे, मनीष कोठारी, गोविन्द देवांगन, दिनेश देवांगन, ममता देवांगन, अमित पटेल, नवीन साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, पार्षद रामचंद्र सेन, शिव नायक सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# जनगणना के प्रथम चरण का प्रचार-प्रसार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई तक तथा स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित अवधि में संपन्न किया जाएगा। जनगणना के संचालन के लिए आमजन की जागरूकता एवं सक्रिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। नगर निगम क्षेत्र में जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों में ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसारण किया जाएगा।

साथ ही शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर जनगणना से




संबंधित वीडियो, स्लोगन एवं अन्य सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं ट्रैफिक सिग्नलों पर उपलब्ध ऑडियो सिस्टम एवं सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से भी जनगणना संबंधी संदेश आम नागरिकों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय केबल नेटवर्क एवं जिला स्तरीय आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर व्यापक प्रचार किया जाएगा। निर्धारित समयसीमा को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# संगठन को मजबूत बनाने ओबीसी मोर्चा जमीनी स्तर पर और बेहतर काम करेगा : तेखन सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की ओबीसी वर्ग मोर्चा की घोषणा के पश्चात प्रथम परिचात्मक बैठक दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा प्रमुख रूप से मौजूद थे। तेखन सिन्हा ने पार्टी की रीति-नीति और हाईकमान से मिले निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन को जमीनी स्तर पर और भी अधिक मजबूत करने के लिए काम करेगा।

■ बीजेपी ओबीसी मोर्चा की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक




जिला संगठन के मार्गदर्शन में लोगों को जोड़ने अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में उन्होंने कार्यकारिणी के सदस्यों और पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में महामंत्री दिलीप साहू, मनोज सोनी, राजा महोबिया, जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रकाश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, सुरेंद्र साहू, डॉ. भारती साहू उपस्थित रहे। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि ओबीसी मोर्चा संगठन के प्रमुख अंगों में से एक है, और इसकी सक्रियता से ही पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। कौशिक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करते हुए गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएं। इस विचारधारा के अनुरूप हम सभी को कार्य करना है हमारा कार्य संगठन की मजबूती के साथ-साथ केंद्र में राज्य सरकार की जनहित कार्य योजनाओं को आम जनमानस के बीच ले जाना और उसका लाभ दिलवाना है। बैठक में उपाध्यक्ष दिनेश देशमुख, ओपी रजक, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, मंत्री मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार सहित अन्य मौजूद थे।

## 1 अप्रैल से स्वीकृत हर कार्य की जानकारी पोर्टल में की जाएगी अपलोड

# विधायक निधि के काम होंगे ऑनलाइन, दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की संपूर्ण प्रक्रिया को 1 2026 से ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर शुक्रवार को दुर्ग संभाग के सभी जिलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण साइंस कॉलेज के राधाकृष्णन हॉल में दिया गया। संचालनालय योजना एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त संचालक डीएस वर्मा एवं संतोष राय ने विधायक निधि की पारदर्शी डिजिटल रूपरेखा की विस्तार से जानकारी दी।

■ ई-साक्षी पोर्टल का किया जा रहा संचालन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि सांसद निधि के कार्यों के लिए ई-साक्षी पोर्टल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अनुशंसा प्राप्त करना, स्वीकृति जारी करना और आदेश करना जैसे कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अब विधायक निधि के कार्यों को भी इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से रायपुर में इस प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट चल रहा था और अब इसे सभी जिलों में लागू कर दिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि नई प्रणाली लागू होने पर प्रारंभ में अनेक प्रकार की शंकाएं होती हैं, लेकिन ये बदलाव प्रशासनिक कार्यों को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन का उदाहरण देते हुए बताया कि इससे सभी विभागों में कार्यप्रणाली में तेजी और सुगमता आई है।





### कामों के ऑनलाइन होने से आएगी तेजी

कलेक्टर ने कहा कि विधायक निधि की स्वीकृति और राशि जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रक्रिया को बारीकी से समझने को कहा, ताकि प्रणाली का क्रियान्वयन प्रभावी और सुचारू रूप से किया जा सके। इस अवसर पर कविता एन्थोनी, सागर साहू, सावित्री साहू, विधायक निधि शाखा के कर्मचारी, विधायकों के निज सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, नगर निगम, जनपद पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य मौजूद थे।

# डबल इंजन की सरकार में कार्यकर्ताओं को घटिया साड़ी की सप्लाई : मुकेश चंद्राकर

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई घटिया गुणवत्ता की साड़ियों को लेकर विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि डबल इंजन की सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। जिन महिलाओं के कंधों पर पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, उन्हीं के सम्मान और अधिकारों के साथ सरकार द्वारा इस तरह का खिलवाड़ बेहद निंदनीय है।

■ भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने उठाए सवाल

राज्यभर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता, लंबाई और कपड़े को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं साड़ी छोटी है, कहीं कपड़ा कमजोर है तो कहीं पहली धुलाई में ही रंग उड़ने और धागे निकलने की शिकायतें मिल रही हैं। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि खरीद प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। डबल इंजन सरकार हमेशा पारदर्शिता और सुशासन का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई साड़ियों में इस तरह की खामियां यह साबित करती हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों ने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन नहीं किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं प्रदेश की रीढ़ हैं, जो कम वेतन और सीमित संसाधनों के बावजूद निष्ठा से अपना कार्य करती हैं।

# मुआवजा और स्कूल भवन की मांग को लेकर किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

ग्राम परसकोल, खैरझिटी एवं आसपास के सैकड़ों किसान एवं ग्रामीण अपनी लंबित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचे। भूमि अधिग्रहण मुआवजा और जर्जर स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

सुबह से ही किसान बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट परिसर में एकत्रित होने लगे। हाथों में ज्ञापन और अपनी मांगों से जुड़े दस्तावेज लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। किसानों का कहना था कि वे वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों में तहसीलदार ने किसानों से ज्ञापन प्राप्त किया। इस दौरान किसानों ने जिला कलेक्टर से सीधे मुलाकात की मांग की, जिस पर प्रशासन द्वारा 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कलेक्टर से मिलने की अनुमति दी गई।

प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को अवगत कराया कि ग्राम परसकोल की कृषि भूमि का अधिग्रहण लगभग 40 वर्ष पूर्व शासन द्वारा किया गया था। अधिग्रहण के समय उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक किसानों को कोई भुगतान नहीं मिला। हाल ही में अधिकारियों द्वारा

## 8 सदस्यीय दल ने कलेक्टर से की मुलाकात



मार्च 2026 तक मुआवजा देने की बात कही गई थी, परंतु तय समयसीमा बीतने के बाद भी किसानों को राहत नहीं मिली। इस दौरान किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने किसानों के हक की बात रखते हुए दो प्रमुख मांगें रखीं— पहली, अधिग्रहित भूमि का वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए या वर्षों से उपयोग की जा रही भूमि का उचित क्षतिपूर्ति/किराया दिया जाए।

दूसरी, ग्राम खैरझिटी के प्राथमिक शाला भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नए भवन का निर्माण कराया जाए या अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति दी जाए, क्योंकि स्थिति आज ये है कि बच्चों को अच्छा भवन न होने के चलते पंचायत कार्यालय में स्कूल लगाकर पढ़ाया जा रहा है।इसका निराकरण करे, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सके। इस मौके पर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल,किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक के अध्यक्ष आत्मा साहू,अध्यक्ष लोधी सर्किल ढालू वर्मा,कमल नारायण सुपंथक,गंगाराम कुर्रे,परमेश्वर साहू,भवानी सिन्हा,केवल वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,पेखन यादव,तेजस्वर सोनवानी,जय प्रकाश विश्वकर्मा,तेजराम चंदेल इत्यादि धमधा क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने यह भी बताया कि भूमि के अभाव में कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है और वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि दोनों ही मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों से जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश जारी करने की बात कही। किसानों और ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। वहीं उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### बोरई में गूंजेगी श्रीकृष्ण कथा, 18 तक आयोजन

**भिलाई।** बोरई में श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 अप्रैल तक किया जा रहा है। यह आयोजन सिन्हा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान विद्वान कथा वाचक रविशंकर डूबे बिरोदा द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा और रास लीला जैसे विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भी वर्णन किया जाएगा। 18 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### दलहन-तिलहन विक्रय के लिए परेशान हो रहे किसान

**पाटन।** विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व



जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बतलाते हुए आरोप लगाया है कि पहले खरीफ फसल में धान विक्रय के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा था और अब अपनी रबी फसल में तिलहन दलहन विक्रय के लिए चक्कर काटने को मजबूर है। किसानों ने अपनी फसल सरसों,चना,मसूर का पंजीयन विधिवत सोसायटियों के माध्यम से पूर्व में ही करवाया था,अब पाटन ब्लॉक के किसानों की पैदावार ऊपज को विक्रय के लिए सेवा सहकारी समिति पाटन को निर्धारित किया गया है। जहां क्षेत्र के किसान प्रतिदिन पहुंचने लगे हैं,दूर दूर से आए किसानों को समिति प्रबंधक द्वारा खाली बारदाना ना मिलने का बहाना बताकर चक्कर लगाने मजबूर कर रहे है। ज्ञात हो कि खरीदी व्यवस्था पूरी करने में असमर्थता जताई जा रही जिसके लिए शासन एवं प्रशासन दोनों जिम्मेदार हैं।

### निधन

**पी वत्सला**

**भिलाई।** सेक्टर 4 स्ट्रीट 36 क्वार्टर नंबर 7 बी भिलाई निवासी पी



वत्सला का निधन 9 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 11 अप्रैल को उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. आरटी पनिक्कर की पत्नी एवं बीना कुरूप, जय प्रदीप नायर, विजय प्रमोद की मां थीं।

## बेमेतरा दौरे के दौरान बरगा में बच्चों का स्नेह देख रुके पूर्व मुख्यमंत्री

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलेनी गांव में बच्चों और ग्रामीणों से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिले के दौरे के दौरान उनकी सादगी और आमजनों के प्रति आत्मीय व्यवहार एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया। गुरुवार को बेरला-देवरबीजा मार्ग से होते हुए ग्राम पलेनी पहुंचते समय उन्होंने रास्ते में ग्रामीणों और बच्चों का स्नेह देख अपना प्रोटोकॉल तक दरकिनार कर दिया। ग्राम बरगा में बड़ी संख्या में बच्चे और ग्रामीण हाथों में श्रीफल (नारियल) और गमछा लिए स्वागत के लिए खड़े थे। जैसे ही काफिला वहां से गुजरा, उत्साह से भरे चेहरों को देख बघेल ने तुरंत गाड़ी रुकवाई और सुरक्षा घेरा छोड़कर सीधे सड़क पर उतर आए। उन्होंने मुस्कुराते हुए ग्रामीणों से मुलाकात की और बच्चों द्वारा भेंट किया गया श्रीफल सहर्ष स्वीकार किया। आमतौर पर राजनीतिक दौरों में नेताओं के काफिले बिना रुके

■ पलेनी पहुंचने पर हुआ स्वागत



निकल जाते हैं, लेकिन बघेल का इस तरह रुककर लोगों से आत्मीयता से मिलना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि यही सहजता और अपनापन उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाता है।

### खेती-किसानी की भी ली जानकारी

इस दौरान बघेल ने किसानों से खेतों में लगी फसलों ,चना, गेहूं, तिवरा और मसूर की कटाई और साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी ली और उनकी स्थिति जानी। ग्राम पलेनी पहुंचने पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए उमड़ पड़े, जिसे देख बघेल भावुक नजर आए।

### डॉ. राजेंद्र वर्मा के निवास पहुंचे

इस अवसर पर श्री बघेल, लोधी समाज के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र वर्मा के निवास भी पहुंचे, और श्री वर्मा के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्री बघेल ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि दी ।इसके पूर्व परिवारजनों ने पुष्पगुच्छ और गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। उनके पलेनी आगमन के दौरान क्षेत्र हनुमान सिंह वर्मा, मुन्नालाल वर्मा, दालचंद वर्मा, दाऊराम वर्मा, छोटेलाल वर्मा, दाऊ सरकार सिंह वर्मा, कांता वर्मा, प्रकाश वर्मा, ज्ञान वर्मा, कमलेश वर्मा, गजेंद्र वर्मा, राजा वर्मा, राहुल वर्मा, विमल वर्मा, मनोज वर्मा, खेमसिंह वर्मा, खोम वर्मा, संजू वर्मा, उपसरपंच कमलेश साहू (बरगा), प्रताप साहू, दुर्गेश साहू, दादू साहू, सागर वर्मा, गौकरण साहू, धनेश साहू, पकलू अंगीरा, बेने साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## डाइट में एफएलएन प्रशिक्षण का दूसरा दिन, खेल योग और पर्यावरण आधारित शिक्षण पर रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में आयोजित एफएलएन एवं नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षण प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस खेल, योग एवं पर्यावरण विषय पर केंद्रित कार्यशाला के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। प्रशिक्षण सत्र में डीआरजी जय कुमार मालाकार ने पुस्तकों की उपयोगिता, रख-रखाव एवं कक्षा में प्रभावी वाचन तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने चकमक, असफल बुक, दिवास्वप्न, अग्नि की उड़ान और क्रिएटिव स्कूल जैसी पुस्तकों के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने के उपाय बताए। डीआरजी गिरिजा पटेल ने 'आकांक्षा' और 'उपलब्धि' के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि आकांक्षा भविष्य की चाहत है, जबकि उपलब्धि उस चाहत की वास्तविक प्राप्ति है। उन्होंने शिक्षकों को लक्ष्य निर्धारण और उसे हासिल करने की प्रेरणा दी। योग सत्र में समय निर्धारण और समूह गतिविधियों के माध्यम से इंदुर एवं बेलार जैसे खेलों का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव मिला। एसआरजी पवन कुमार देवांगन ने बहुकक्षा शिक्षण की चुनौतियों और समाधान पर चर्चा करते हुए कक्षावार एवं स्तरवार शिक्षण योजना बनाने के प्रभावी तरीके बताए।

पर्यावरण विषय पर डीआरजी आशा चंदेल और यामिनी बर्मन ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए पर्यावरण शिक्षा के सात प्रमुख मानकों समग्र विकास, योग्यता आधारित शिक्षण, सीखने के परिणाम, बाल-केंद्रित दृष्टिकोण, अनुभवात्मक शिक्षा, मूल्य एवं दृष्टिकोण तथा भाषा-अभिव्यक्ति कौशल पर प्रकाश डाला। साथ ही आरआरआर की अवधारणा को भी समझाया गया।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत बिहारी ने पर्यावरण विषय की नई पुस्तकों में हुए बदलाव और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। वहीं डीआरजी खिलेंद्र साहू ने आकलन एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। कार्यक्रम के समापन में प्रशिक्षण प्रभारी जी.एल. खुटियारे ने जीवन कौशल के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए सत्र का समापन किया। इस अवसर पर बीआरजी के रूप में खुशबू दुबे, अहिल्या कुंजाम, डोगेंद्र कुंजाम, सावित्री साहू, निखिल तिवारी, शांत कुमार पटेल, अंबालिका पटेल, रमा तरार, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे, राधेश्याम बैस, शिखा चौबे, मन्नू लाल साहू और उद्धव साहू सहित अनेक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सैकड़ों कांग्रेसजनों ने सीएमओ को गुलाब भेंट कर सौंपा ज्ञापन, प्रशासन तुरंत हरकत में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

जामुल नगर पालिका परिषद क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के मुख्य उपस्थिति में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद जामुल का घेराव कर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। धरना-प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेसजनों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की सबसे विशेष बात यह रही कि कांग्रेसजनों ने आक्रोश के बीच भी लोकतांत्रिक और सौहार्दपूर्ण तरीके से सीएमओ को गुलाब फूल भेंट कर अपनी मांगें रखीं, जो जनसमस्याओं को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करने का प्रतीक रहा।

# नवीन शिक्षक संघ की मांग पर कार्यवाही करने डीईओ ने तीनों बीईओ को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नवीन शिक्षक संघ छग के प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू, दुष्यन्त कुम्भकार व जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने

■ त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची को अप्रैल 2026 की स्थिति में सुधार कर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों को रिक्त पदो पर पदोन्नति देने की मांग

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाक़ात की। जिसमें 1 अप्रैल 2025 की स्थिति में जारी वरिष्ठता सूची में व्यापक त्रुटि होने की जानकारी दी गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची को सुधारकर जल्दी ही संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में पदोन्नत,



पदोन्नति से इंकार, पदोन्नति लेने से असहमत मृत्यु व सेवानिवृत्त शिक्षकों का नाम विलोपित कर पूरी पारदर्शिता के साथ सूची जारी कर दावा आपत्ति करने के लिए पात्र शिक्षकों को पर्याप्त अवसर देने की मांग की गई। इसके साथ ही सहायक शिक्षकों का रिक्त प्रधान पाठक प्राथमिक शाला व विषयवार शिक्षक, शिक्षकों का रिक्त प्रधान पाठक माध्यमिक शाला मे जल्दी पदोन्नति देने व अवकाश के दिनों में कार्य करने वाले शिक्षकों से आवेदन मांगकर ब्लॉक स्तर पर सर्विस बुक में अर्जित अवकाश संधारण किये जाने के लिए सभी बीईओ को निर्देशित करने की मांग को प्रमुखता से रखी गई। पदाधिकारियों के अनुसार इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग ने नवीन शिक्षक संघ के मांग पत्र जल्दी ही नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए पाटन, दुर्ग व धमधा के विकास खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किये हैं। प्रतिनिधिमंडल में गिरीश साहू, दुष्यन्त कुंभकार, संजीव मानिकपुरी, बी. प्रकाश, मनोज जोशी, दीपक साहू, आनंद पांडे, प्रकाश हिरवानी शामिल थे।

## आरंभ की बैठक में काव्यपाठ



**भिलाई ।** साहित्यिक संस्था आरंभ की बैठक भिलाई निवास के काफी हाउस में संगठन के मुख्य संरक्षक व्यवसायी कैलाश जैन बरमेचा व मुख्य सलाहकार आचार्य महेशचंद्र शर्मा की उपस्थिति में हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि शरद कोकास व अध्यक्षता साहित्यकार परदेशीराम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि लेखन में दृष्टि व दिशा प्रतिबद्धता से मिलती है। केवल सही दृष्टि चाहिए। शरद कोकास ने कहा कि ज्ञान ऐसी चीज है,जिसका कोई अंत नहीं । हम कितना कुछ कर लें फिर भी पूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। श्री बरमेचा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वागत भाष प्रदीप भट्टाचार्य ने दिया और विद्या गुप्ता ने कविता पढ़ी। बैठक में महाविद्यालय में काव्य पाठ की जानकारी दी गई। ब्रजेश मलिक व राकेश गुप्ता ने आरंभ कीसदस्यता ली। बैठक में अनिता करडेकर शानू मोहनन, शेफाली भट्टाचार्य, आलोक चंदा, प्रकाशचंद्र मंडल, पल्लव चटर्जी, शुभेंदु बागची, डां, नौशाद सिद्दीकी, जाविद हसन, दशरथ सिंह, जसवंत सिंह मंडावी, विजय गुप्ता उपस्थित थे।

## अंततः नेत्रहीन ईश्वर को मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अंततः नेत्रहीन हितग्राही ईश्वर प्रसाद की समस्या का समाधान जिला प्रशासन ने किया।

'हरिभूमि' ने 10 अप्रैल के अंक में यह मुद्दा प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसका तत्काल असर देखने को मिला। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए नेत्रहीन हितग्राही ईश्वर प्रसाद की समस्या का समाधान किया। दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं खाद्य अधिकारी अनुराग सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम तर्रीघाट निवासी ईश्वर प्रसाद को राशन उपलब्ध कराया गया और उनके राशन कार्ड से जुड़ी सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करवाई गईं। गौरतलब है कि ईश्वर प्रसाद, जो कि दृष्टिहीन हैं, पिछले लंबे समय से राशन के लिए परेशान हो रहे थे। उनके राशन कार्ड के मुखिया की मृत्यु हो जाने के कारण 1 अक्टूबर 2025 से उनका कार्ड बंद हो गया था, जिससे उन्हें शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

## बूथ एवं पंचायत कमेटी गठन के लिए हुई बैठक

# कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मजबूती से काम करें : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार मिनाक्षी नगर दुर्ग में पूर्व विधायक एवं पूर्व केबनीट मंत्री ताम्रध्वज साहू मार्गदर्शन में तथा ब्लॉक प्रभारी दुर्गा गजबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख के उपस्थित में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी बूथ एवं सेक्टर तथा कांग्रेस कार्यकर्त्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। यह बैठक छतीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के मंशाअनुसार संघठन सृजन के तहत बूथ कमेंटी के गठन एवं पंचायत एवं वार्ड कमेटी के



ग़ठन हेतु विशेष दिशानिर्देश दिया गया। मंडल एवं सेक्टर कमेटी की सक्रियता एवं उनकी भूमिका को इंगित करते हुये मंडल एवं सेक्टर कमेटी की बैठक करना हेतु कहा गया।

बैठक में विशेष रूप से उपस्थित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यताओं मनोबल बाढ़ते हुये कहा की बूथ एवं पंचायत की इकाई हमारे संघठन की रीड की हड्डी है।कार्यकर्त्ता जमीनी स्तर पर मजबूती से काम करें उनकी मजबूती ही पुरे संघठन को मजबूती मिलता है इसलिए जमीनी स्तर पर बैठक लेकर इकाई का गठन करें नये कार्यकर्ता के साथ साथ पुराने कार्यकर्त्ताओं की सूद ले। ब्लॉक प्राभारी दुर्गा गजबे ने इकाई गठन के परिपेक्ष में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशो को अवगत कराया। अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेंद्र देशमुख द्वारा संघठन के ढांचे को बैठक में रखा। इस अवसर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख एवं रिवेन्द्र यादव, विशाल देशमुख, योगिता चन्द्राकर ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नंद कुमार सेन,उपाध्यक्ष जनपद राकेश हिरवानी, झमित गायकवाड़, लक्ष्मी साहू, जामवंत गजपाल, डॉ पिलेश्वर साहू, घनश्याम जगपाल, मंडल प्रभारी जागेत्री साहू, मंडल अध्यक्ष नंद कुमार साहू, शिवनारायण दिल्लीवार, धर्मेंद्र बंजारे, देव राज चतुर्वेदी, रविंद्र सिन्हा, दिवाकर गायकवाड़ आदि उपस्थित थे।

## जनगणना के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**पाटन।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूची करण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक किया जाना हैं। उक्त कार्य हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) के रूप में आधिकारियो एवं कर्मचारियो की डयूटी लगाई गई है। जिनका तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रथम चरण में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल, 15 अप्रैल से 17 अप्रैल एवं 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सेजस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन, विकासखण्ड पाटन में सुबह 9.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक आयोजित हैं। उक्त तिथि पर संबंधित कर्मचारी एवं कोटवारों की डयूटी आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने निगम का किया घेराव

**भिलाई।** निगम के योगा उद्यान में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निगम कार्यालय का घेराव किया। परिषद ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें भिलाई नगर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय, महापौर नीरज पाल और जोन कमिश्नर अजय राजपूत को निलंबित कर उनके ऊपर एफआईआर करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्री हनुमान जी के ऊपर संबल एवं कुदाल चलाया गया था। नगर निगम भिलाई के द्वारा हिन्दू धर्म विरोधी मानसिकता है। इससे हिन्दू जनभावनाओं को ठेस पहुंचा है। परिषद ने यह भी मांग की है कि छावनी में नगर निगम की जमीन में अवैध रूप से चर्च बना हुआ है उनकी जांच की जाए। कोसानाला गौशाला में गौवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है. इसे संज्ञान में लेते हुए गौशाला की स्थिति में सुधार किया जाए। सुपेला घडी चौक पर जो मजार बना हैं उसकी संपूर्ण जांच की जाए। जुनवानी चौक से जो अवंती बाइ चौक के लिए जाते है तो वहां जो ईदगाह चौक है वहां जो मजार बनी हैं क्या वो वैध हैं इनकी जांच की जाए।

### फर्जी लोन का झांसा देने वाले तीन पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई ।** फर्जी लोन का झांसा देकर ठगी करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मौहारी भाठा, थाना नेवई निवासी पूर्णिमा साहू ने शिकायत किया है कि मकान खरीदने के लिए लोन लेने की इच्छा किया। आरोपियों द्वारा पोस्टर के माध्यम से संपर्क कर स्वयं को लोन दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों द्वारा पीड़िता से दस्तावेज प्राप्त कर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाए गए। लोन प्रोसेसिंग के नाम पर6 हजार 500 की राशि ली गई। आरोपियों द्वारा लोन उपलब्ध नहीं कराया बल्कि गुमराह किया गया। पुलिस ने पतासाजी कर ग्राम छाटा उतई निवासी भूपेश भारती उर्फ राम उर्फ दुर्गेश, कैम्प 2 शारदापारा संजय जनबंधु, रूआबांधा बस्ती हेमंत गुप्ता उर्फ किशन गुप्ता को गिरफ्तार किया गयाष आरोपियों के पास से दस्तावेज एवं बैंक चेक जब्त किया गया। कार्रवाई में टीआई अनिल कुमार साहू समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### सिम्प्लेक्स के ठेकेदार ने की 65.68 लाख की ठगी

**भिलाई।** सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के ठेकेदार द्वारा 65.68 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया है। जामुल पुलिस ने बताया कि कंपनी में ठेकेदार एमआईजी बी/7 वार्ड 11 शांति नगर भिलाई निवासी मो. अकरम खान मजदूरों के भविष्य निधि,कर्मचारी राज्य बीमा और वस्तु एवं सेवा कर की राशि का भुगतान नहीं किया। जबकि कंपनी ने उसे नियमित रूप से भुगतान किया था। सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड ने 2023 को मो. अकरम खान के साथ फाउंड्री विभाग में लेबर सप्लाई का अनुबंध किया था। ठेकेदार को प्रति माह कंपनी से मिले पैसों से मजदूरों की सैलरी, भविष्य निधि , कर्मचारी राज्य बीमा आदि का भुगतान करना था। खुलासा तब हुआ जब अक्टूबर माह में जीएसटी विभाग ने कंपनी को सूचित किया कि ठेकेदार ने कई महीनों से जीएसटी का भुगतान नहीं किया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# जिला युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित, प्रांजल तिवारी ने बांटी जिम्मेदारियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिला युवा कांग्रेस कमेटी बेमेतरा में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों पर नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

जारी आदेश के अनुसार कोषाध्यक्ष पद पर मनीष सिन्हा को नियुक्त किया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर सीमा टिकरिहा, वीरेंद्र सिन्हा एवं लॉरेंस (प्रिंस) डेहरे को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव पद पर राकेश गहरे, विप्लव गौरहा, शुभांक परगनिया, मनीष साहू, भूपेंद्र सिन्हा, प्रतीक दुबे, दीपक दिनकर, इमरान खान, रवि साहू, ऋतिक तिवारी, शशिकांत महिलांगे, राहुल जोशी, जय प्रकाश राज, लेखराम साहू एवं नवीन राजपूत को स्थान दिया गया है। इसी प्रकार सचिव पद पर दिगंबर साहू, भिखम साहू, खूबचंद चंद्राकर, ध्रुवनारायण साहू, उत्पल गायकवाड़, ओमकार यादव, संदीप साहू, मोहित अनंत, अमन वर्मा, कबीर सिंह, लुकेश वर्मा, आत्मानंद सारथी, ऋतिक सलूजा, सोहन जंघेल, रोशन यादव, विनय देवांगन, लेखसिंह वर्मा, अमित वर्मा, राजकुमार साहू, लोकेन्द्र वर्मा, सुरेश साहू, अनिल यादव, दुर्गेश साहू, मनीदास मानिकपुरी, अजय ध्रुव, अनुराग सिंह ठाकुर, रॉकी साहू, परमेश्वर पात्रे, दिनेश निषाद एवं भानु वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। सह-सचिव पद पर शरद देवांगन, तोप सिंह निषाद, प्रवीण वर्मा, चतुर सिन्हा, चंद्रप्रकाश बांधे, गोपाल साहू, अमितेश चौहान, तोप सिंह कामड़े, संजय यादव, कृष्णा जायसवाल, भीष्म साहू, हर्ष साहू, मुकेश सिन्हा, दीपक साहू, हितेंद्र नेताम एवं रामेश्वर यादव को शामिल किया गया है।

## संगठन में तालमेल बिठाने के लिए 15 महासचिव और 30 सचिवों की नियुक्ति

### सोशल मीडिया टीम को भी मिला विस्तार

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने के लिए विवेक साहू को सोशल मीडिया संयोजक तथा सुयश ताम्रकार एवं शिवनारायण साहू को सह-संयोजक बनाया गया है।







### ब्लॉक स्तर पर भी नई जिम्मेदारियां, कृपा वर्मा ग्रामीण अध्यक्ष

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए अतुल साहू (बेमेतरा), कृपा वर्मा (बेमेतरा ग्रामीण), लोकेश भोला साहू (बेरला), हर्ष बघेल (नवागढ़), भोजराम यादव (नांदघाट), अजय वर्मा (संबलपुर), बलराम साहू (साजा), पुष्पराज वर्मा (थानखम्हरिया) एवं राज पटेल (धमधा) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा विधि एवं विधायी प्रकोष्ठ अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट आदर्श ठाकुर की नियुक्ति की गई है।

### शीर्ष नेतृत्व की सहमति से हुआ गठनः प्रांजल

जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने बताया कि यह सभी नियुक्तियां राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के अनुमोदन से की गई हैं, जिनमें राष्ट्रीय युवा कांग्रेस प्रभारी मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रदेश प्रभारी अमित पाठानिया, सह-प्रभारी मोनिका मोंडे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा की सहमति शामिल है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा को मजबूत करते हुए जनसेवा, युवाओं के मुद्दों और पार्टी के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## अवैध खनन : खुदाई ऐसी की देखने वालों का भी दिल दहल जाएगा

# मौत के कुएं में तब्दील हो रहे साजा क्षेत्र के गांव, माफियाओं के आगे तंत्र नतमस्तक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा**

अंचल में अवैध खनन जिस गति से चल रहा है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाला समय खतरनाक दिशा की ओर जा रहा है। जिस गांव में अवैध खनन होता है, वह गांव कभी नहीं उभर पाता। बीते माह शहर से लगे ग्राम डोंगीतराई में माफिया ने राजनीति संरक्षण में ऐसी खुदाई की कि देखने वालों का भी दिल दहल जायेगा।

यह स्थान सुंदर व हराभरा दोनों का संगम है। यहां डोंगीतराई का बांध है, जिनकी नई रूपरेखा मुरम खनन माफियाओं ने बना दी। वैसे तो इस मामले को लेकर ग्रामीण हर दरवाजे तक पहुंचे, लेकिन नतीजा सिफर रहा। इस भयावाह दृश्य को जिलाधीश से भी अवगत कराया जायेगा। क्षेत्रवासियों का मनाना है कि क्या इस तरह पर्यावरण की हत्या करने वाले माफियाओं पर कार्रवाई होगी, जो एक मौत का

### जानकारी ली जायेगी

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बसंत लोन्हारे ने कहा की साजा के अर्जुन भाठा का मामला हरिभूमि के माध्यम से सज्ञान में लाया गया है। इसके बारे में जानकारी ली जायेगी।

### जांच कराई जाएगी

साजा एसडीएम पिंकी मनहर ने कहा की इतना विशाल व ऐतिहासिक मैदान था आपके माध्यम से जानकारी मिली आज की स्थिति में कैसे हैं इसकी जांच कराई जाएगी।

### जांच की जाएगी

रोहित साहू जिला खनिज अधिकारी ने कहा की अवैध खनन की हर मामले की जांच की जायेगी।



**अधिकारियों की खामोशी :** अवैध खनन पर जिन सरकारी नुमाइंदों को पर्यावरण निगरानी का जिम्मा दिया गया है, वह कार्रवाई करने की बजाय माफियाओं को बचाने में लग जाते हैं।

**माइनिंग विभाग में मुखबीरः** माइनिंग की टीम जब कार्रवाई के लिए निकलती है तो विभाग के जयचंद माफियाओं को पूरी जानकारी उपलब्ध कराते हैं, जिसके चलते अधिकारियों के पहुंचने तक मैदान साफ हो जाता है और रिपोर्ट आती है, वहां कुछ नहीं मिला। यदि यही रवैया रहा तो आने वाला समय पर्यावरण के लिए बड़ा घातक होगा।

### बिरनपुर अवैध खनन का हब

ऐसा ही ग्राम बिरनपुर अवैध खनन का हब बन गया है। पहले कांग्रेसियों ने और अब भगवाधारियों ने खनन का जिम्मा उठाया। यहां की अवैध खुदाई की चर्चा प्रदेशभर में होती है। माफियाओं का आतंक इतना है कि वहां अधिकारी भी जाने से कतराते हैं। गाड़ाडीह में खनन को लेकर कई बार विवाद की स्थिति बनी, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। गांव का नक्शा बदल गया। माफिया मालगुजार बनते गए। ब्लॉक के आधा दर्जन से अधिक गांवों में जमकर खुदाई चलती है। दो माह में करोड़ों का अवैध कारोबार होता है। दर्द यदि होता है तो उस गांव को जिस गांव में खनन होता है, उसकी सूरत ऐसे बदलती है जो कभी सवर नहीं सकती।

### साजा झेल रहा दर्द

आखिर इसी मुद्दे पर क्यों चर्चा नहीं होती है, जो अतीत की यादें ताजा कर दें। साजा शहर तीन दशक पूर्व अवैध खनन का शिकार हुआ था, जिसकी भरपाई आज तक नहीं हुई। मुख्य मार्ग पर कभी विशाल मैदान हुआ करता था। बड़े-बड़े खेल का आयोजन होता था। हेलीकॉप्टर भी उतरा। कई बार राष्ट्रीय नेताओं ने सभा ली, लेकिन आज यह जगह देखकर नहीं लगता की दो दशक पहले इतनी सुंदर रही होगी। अवैध खनन ने जो नक्शा बदला, आज वह जगह इतनी भयावह हो चुका है कि जो शहर की सुंदरता पर बड़ा ग्रहण है। चंद्र ग्रहण और सूर्य ग्रहण तो एक बार आता है, लेकिन यह ग्रहण हमेशा के लिए गांव में देखा जाता है, जिसका कोई इलाज नहीं होता। दूसरा दौर अवैध कब्जे का होता है, जो उसके आसपास किया जाता है। दो दशक पहले विशाल मैदान आज सबसे ज्यादा दूषित स्थल बन चुका है। शहर में आज निर्माण कार्यों के लिए जगह भी नहीं बची है। चंद लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए गांव को ऐसा दर्द दिया, जो कभी खत्म नहीं हो सकता।

# साजा ब्लॉक में घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले में निक्षय निरामय फेज 0.2 के तहत 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। साजा विकासखण्ड में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर संभावित टीबी मरीजों की पहचान की जा रही है। अब तक स्वास्थ्य टीमों ने एक लाख से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाकर सर्वे किया है। चिन्हित संभावित मरीजों का छाती का एक्स-रे एवं बलगम (खखार) जांच कराया जा रहा है, ताकि समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। यह अभियान कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है।

इसमें सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेकर, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. बी.एल. राज एवं कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका है। साजा ब्लॉक में बीएमओ डॉ. अश्वनी वर्मा एवं बीपीएम लोकेश साहू के मार्गदर्शन में 500 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गठित की गई है। ये टीमें विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों पर फोकस कर रही हैं, जिनमें पूर्व टीबी मरीज एवं उनके परिजन,धूम्रपान करने वाले व्यक्ति,मधुमेह (शुगर) के मरीज,नशा करने वाले व्यक्ति,मलिन बस्तियों में रहने वाले को शामिल किया गया है। इन सभी को जांच के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं। सेक्टर स्तर पर सुपरवाइजरों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं वरिष्ठ उपचार प्रवेक्षक पुरन दास नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके उपचार में सहयोग मिल रहा है।

■ 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान तेज़

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 24 लोगों की जांच



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

सब कुछ होने के बाद यदि मनुष्य स्वस्थ नहीं है, तो समझो उसके पास कुछ भी नहीं है"इसी सोच को साकार करते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया लायंस क्लब बेमेतरा प्रेरणा मेन द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की चेयरपर्सन डॉ. नेहा वर्मा ने अपने क्लिनिक में 24 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जरूरी परीक्षण किए गए। डॉ. नेहा वर्मा ने उपस्थित लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण कई बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मुमताज़ रवानी, रानी रवानी सहित क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

शिविर में पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया। क्लब की ओर से भविष्य में भी इस तरह के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही गई, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके।

## सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समयसीमा पर जोर



**बेमेतरा।** जिला पंचायत सीईओ प्रेमालता पद्माकर ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। चारभाटा, पंडरभट्ठा, ढोलिया और झाल में तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण व आंगनबाड़ी भवन कार्यों की समीक्षा की गई। ढोलिया के फीकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण कर स्वच्छता व नियमित संचालन के निर्देश दिए गए। वहीं बिटकौली में राजस्व पखवाड़ा के कार्यों की प्रगति भी जांची गई। सीईओ ने सभी अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

# संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा**




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, माननीय श्री रविन्द्र चौबे जी (पूर्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ एवं पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक बैठक का आयोजन कांग्रेस भवन साजा में किया गया।

इस बैठक में मंडल अध्यक्षगण, नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्षगण एवं मंडल प्रभारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहाँ संगठन के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त बनाते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ जोड़ना एवं आगामी चुनावी रणनीतियों के लिए मजबूत आधार तैयार करना रहा।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, आपसी समन्वय बनाए रखने तथा जन-जन तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारों को पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही, बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन में पारदर्शिता, सक्रियता एवं समर्पण को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।

यह बैठक संगठन को नई ऊर्जा, दिशा एवं मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली रूप में हैउक्त अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व श्री सुनील माहेश्वरी जी जिला प्रभारी, जितेंद्र उपाध्याय ब्लॉक प्रभारी,ईश्वर वर्मा जी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा मंडल अध्यक्ष गण बिहारी साहू, किलुश यदु, राजेश चंदेल, संतोष पटेल, संतोष तिवारी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मनोज जायसवाल, गुड्डु जायसवाल, अतुल शर्मा, नरेश सिन्हा, जनार्दन सिंह ठाकुर विनोद कुंजाम नवनियुक्त सेक्टर अध्यक्ष गण फकीर देवांगन, हनुराम साहू, महादेव साहू, रामजी साहू , तोप राजपूत, रामरतन मंडावी, डॉ संतोष वर्मा, धर्मेंद्र साहू, हेमराम वर्मा, टेकेंद्र मरकाम, संदीप चौबे, राजू वैष्णव, नरेश साहू, मनोज भुआल, ओमप्रकाश सिंह राजपुत, संतोष साहू, आनंद पटेल, दिलीप देवांगन एवं कामता गायकवाड़ मंडल प्रभारी गण बलकरण वर्मा, खेलन नेताम, संतोष पांडे, संतोष तिवारी, केशव साहू, पुनीत नेताम, हेमंत साहू, खेलन बघेल, रामावतार साहू, घनश्याम वर्मा, संग्राम सिंह राजपुत सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पेपर लीक के बाद दोबारा आयोजित परीक्षा में दिखी सख्ती, छात्रों के चेहरों पर दिखी उदासी

# 12वीं हिंदी की पुनः परीक्षा, लीक रोकने जीपीएस लॉक और हाईटेक तकनीक का सहारा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं की हिन्दी विषय की पुनः परीक्षा शुक्रवार को कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न हुई। पूर्व में पेपर लीक होने के कारण रद्द की गई इस परीक्षा को लेकर इस बार बोर्ड ने हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था लागू की थी। तहसील क्षेत्र के बनरांका, खाती, खैरझिटीकला, कारेसरा, हाटरांका, ठेलका और कन्हेरा सहित करीब दर्जन भर परीक्षा केंद्रों में यह रिएग्जाम आयोजित किया गया। थान खम्हरिया नगर के बालक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां समीपस्थ ग्राम कोपेडबरी व दर्री के परीक्षार्थी शामिल हुए। सुबह 9 बजे से शुरू हुई परीक्षा दोपहर 12:15 बजे तक चली। इस दौरान अधिकांश परीक्षार्थी अनमने ढंग से परीक्षा में शामिल होते नजर आए। उल्लेखनीय है कि 14 मार्च को आयोजित हिन्दी पेपर का बी-सेट 13 मार्च को सोशल मीडिया पर लीक हो गया था, जिसके बाद मंडल ने परीक्षा निरस्त कर दी थी।



### हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था रही लागू

इस बार परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्रों को जीपीएस लॉक युक्त कंटेनरों में भेजा गया। साथ ही वन टाइम लॉक सिस्टम लागू किया गया, जिसे केवल अधिकृत अधिकारियों की उपस्थिति में ही खोला गया। समन्वय केंद्रों पर वीडियो कॉल के माध्यम से पार्टी ऑफिसर, नोडल अधिकारी और प्रभारी की निगरानी में लॉक खोले गए, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। परीक्षा केंद्राध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी नजर रखी गई। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी द्वारा जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग की गई। परीक्षा समाप्ति के बाद उपयोग किए गए सभी लॉक को जिला शिक्षा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य किया गया था।

### सरल पेपर से मिली राहत

परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के चेहरों पर शुरुआत में उदासी जरूर दिखी, लेकिन पेपर अपेक्षाकृत सरल आने के कारण अधिकांश छात्र-छात्राओं ने संतोष व्यक्त किया। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थियों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में पूरी परीक्षा शांति और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई, जिससे बोर्ड की सख्ती और व्यवस्थाओं का सकारात्मक असर देखने को मिला।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
EX-हरिद्वार
09 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411